





नवभारत
इंदौर, गुरुवार, 10 जुलाई, 2025



## एक नजर में

### एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों को मिल रहीं आयरन की गोलियां और सिरप

**मंदसौर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत जिले में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एनीमिया की रोकथाम के लिए शासकीय स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में नियमित रूप से आयरन की खुराक दी जा रही है। डॉ. चौहान ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को शासकीय स्कूलों में बच्चों को आयरन की गोलियां खिलाई जाती हैं। इसमें कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को गुलाबी आयरन की गोली और कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों को नीली आयरन की गोली दी जाती है झ्र इसी प्रकार आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को बच्चों को 1-1 एमएल आयरन सिरप दी जाती है। इसके साथ ही, बच्चों को आयरन युक्त भोजन और विटामिन-सी युक्त आहार लेने की सलाह भी दी जा रही है ताकि उनके शरीर में आयरन का अवशोषण बेहतर हो सके। यह कार्यक्रम जिले में नियमित रूप से संचालित हो रहा है। यह पहल बच्चों में एनीमिया को कम करने और उनके समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### कलेक्टर ने दो आदतन अपराधी को किया जिलाबदर

**मंदसौर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा म.प्र.राज्य लोक शांति एवं सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के तहत दो आदतन अपराधी सद्दाम पिता मुख्तियार मेवाती निवासी जयपुरा खिलचीपुरा थाना नई आबादी जिला मंदसौर एवं मोहसीन पिता मुंशी डंडू निवासी बोतलगंज थाना पीपल्यामण्डी जिला मंदसौर को जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने आदेशित किया है, कि ये जिला बदर अवधि में मंदसौर जिले की राजस्व सीमा के साथ ही नीमच, रतलाम, उज्जैन, आगर मालवा एवं शाजापुर जिले की राजस्व सीमा में बगैर अनुमति के प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### कलेक्टर ने जिले में पंचायतों के उप निर्वाचन संपन्न कराने हेतु सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए

**मंदसौर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अदिती गर्ग ने पंचायतो के उप निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने हेतु रमेश चंद्र आर्य, सीमंत शर्मा, समरथ पवार, महेश पाटीदार को सेक्टर अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। पंचायत उप निर्वाचन मतदान 22 जुलाई को संपन्न होगा। यह सभी सेक्टर अधिकारी मतदान के दिन निर्वाचन का कार्य सुचारू रूप से संपादित करवाएंगे। साथ ही सेक्टर के मतदान केंद्रों का भ्रमण करेंगे तथा प्रतिवेदन रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत करेंगे।

### धार्मिक व पर्यटन क्षेत्र बड़े महादेव पार्किंग वाहन ठेका 2 लाख ग्यारह हजार 211 रुपये में नीलाम

**भानपुरा।** नगर भानपुर से 2 किलोमीटर दूर प्राकृतिक धार्मिक आरोग्यधाम बड़े महादेव मंदिर में श्रावण मास की 11 जुलाई से आगामी 18 अगस्त तक 40 दिनों के लिए वाहन पार्किंग ठेका नीलम किया गया है। ठेका बंद लिफाफे खोले जाने पर अधिकतम बोली राशि भेरुलाल गुर्जर भानपुरा के नाम अधिकतम 2 लाख 11 हजार 211 पाए जाने पर अंतिम बोली पर समाप्त हुआ। 11 जनों ने फॉर्म भरकर बोली में भाग लिया था। वन रेंजर भानपुरा अंकित भदोरिया ने बताया कि ग्राम वन समिति कातना वन क्षेत्र बड़ा महादेव भानपुरा के अंतर्गत दिए गए वाहन पार्किंग ठेकेदार व पार्किंग में लगे व्यक्तियों को वाहन पार्किंग हेतु मोटरसाइकिल के लिए 10 एवं चार पहिया वाहनों से 30 रुपए वाहन पार्किंग के लिए रसीद देकर लिया जाना सुनिश्चित हुआ है, साथ ही वाहन स्वामियों से सभ्यतापूर्वक व्यवहार अनिवार्य होगा अन्यथा ठेके की शर्तों के अनुसार बीच समय में ही ठेका निरस्त कर दिया जाएगा।



## बैठक में वर्षभर आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों को लेकर हुई चर्चा

▸ **श्री श्याम मित्रमंडल दलौदा की नवीन कार्यकारिणी का गठन**

नवभारत न्यूज

**दलौदा। श्री श्याम मित्र मंडल दलौदा की एक महत्वपूर्ण बैठक मधुर मिलन गार्डन में आयोजित की गई, जिसमें संगठन के 19वें वर्ष को ध्यान में रखते हुए नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में आगामी धार्मिक आयोजनों को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।**

नवगठित कार्यकारिणी में श्री गोपाल मोगिया को अध्यक्ष, गोपाल दुबे को उपाध्यक्ष, राजेश खटोड़ को सचिव, राकेश सिंह केलवा को सह-सचिव, नितिन गुप्ता को कोषाध्यक्ष एवं हेमंत धनोतिया को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त बलराम पाटीदार, कंवर लाल राठौड़, गोपाल कुमावत एवं प्रहलाद चौधरी को मंडल का संरक्षक बनाया गया।

बैठक में पिछले वर्ष की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत की गई एवं आगामी वर्ष के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इनमें श्रावण मास में प्रत्येक सोमवार को खीर वितरण, सांवलिया सेठ पैदल यात्रा, शरद पूर्णिमा पर श्री श्याम संकीर्तन, दीपावली पर अन्नकूट प्रसादी वितरण जैसे आयोजन प्रमुख रूप से शामिल हैं। सभी कार्यक्रमों को भव्यता के साथ आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

> बैठक में बलराम पाटीदार, कंवर लाल राठौड़, प्रहलाद चौधरी, गोपाल कुमावत, मुकेश पाटीदार, जितेंद्र शर्मा बंटी, हेमंत धनोतिया, चंद्र प्रकाश चौधरी, नटवरलाल गुगर, हरीश सेठिया, नागेश पालीवाल, महेश पाटीदार, रमेश साहू, खेमराज कालूभाई, जितेंद्र कामराज, राजेश राजोरा, सुनील जोशी, मनोहरलाल खारिवाल, श्याम पंवार, अमित सोनी, राजूभाई पाटीदार, जयपाल सिंह जी सहित अनेक कार्यकर्ता व श्रद्धालु उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य संगठन को और अधिक सशक्त बनाना एवं धार्मिक आयोजनों को सामूहिक सहभागिता से सफल बनाना रहा।

### माँ बनने की उम्र वही जब तन और मन की तैयारी सही

**मंदसौर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस चौहान द्वारा बताया गया कि, प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगो के बीच में बढ़ती हुई जनसंख्या के दुष्परिणामों से अवगत कराना है। यह आवश्यक है कि हम विकराल रूप ले चूकी जनसंख्या वृद्धी को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कदम उठाऐ। इसके लिये शासन द्वारा अनेक प्रकार की परिवार नियोजन कार्यक्रमों/योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई से 11 अगस्त 2025 तक विश्व जनसंख्या माह मनाया जायेगा। इसी के अंतर्गत 11 जुलाई 2025 को प्रात: 9:00 बजे एक विशाल जागरूकता रैली के साथ इसकी शुरुआत होगी। यह रैली जिला चिकित्सालय मन्दसौर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला प्रशिक्षण केंद्र पर समाप्त होगी।

### नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 18 को

**पिपलियामण्डी।** श्री लाभमुनि जनसेवा चिकित्सालय व श्री सनातन धर्मसेवा समिति के तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 18 जुलाई को प्रात: 9 से दोपहर 1 बजे राधाकृष्ण गौशाला बरखेड़ापंथ स्थित श्री सांवलिया सेठ मंदिर परिसर में होगा।

## नवांकुर संस्था ने एक पेड़ मां के अभियान के तहत पौधारोपण किया

**मंदसौर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड, जिला मंदसौर से चयनित नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था ने डिगांव माली सेक्टर की ग्राम पंचायत सुरी में बैठक का आयोजन किया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सुरी में चौपाल बैठक का आयोजन किया गया बैठक में श्री बैरागी ने बताया कि हमें एक पेड़ मां के नाम पर पौधे अधिक से अधिक लगाना है और वायु दूत ऐप पर फोटो अपलोड करना है। वही एक सेक्टर में हमें 100 नवांकुर सखियां बनाना है सर्वप्रथम गांव की सरपंच विमल पाटीदार को नवांकुर सखी बनाया गया जिसमें 11 बीज और 11 थालिया वितरण की गई बी को अंकुरित कर पौधारोपण हरियाली महोत्सव पर हम कलश यात्रा हरियाली यात्रा के उत्सव में महिलाओ बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाना है।



## चार्तुमास का समय धर्म आराधना का होता है - साध्वी अमितगुणाश्रीजी

नवभारत न्यूज

**मन्दसौर। श्री आदिनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट नयापुरा मंदसौर व श्री खरतरगच्छ श्रीसंघ की विनती पर मंदसौर में साध्वी अमितगुणाश्रीजी म.सा. एवं साध्वी श्रेयंनदिता श्रीजी म.सा. का चार्तुमास प्रारंभ हो चुका है।** 9 जुलाई बुधवार से चार्तुमासिक प्रवचन प्रारंभ हो चुके है। बुधवार को धर्मसभा को संबोधित करते हुए साध्वी अमितगुणा श्रीजी म.सा. ने कहा कि चातुर्मास का समय तप एवं धर्म आराधना के लिये उत्तम माना गया है। चार्तुमास के दिनों में की गई धर्म आराधना पूरे वर्ष मानव जीवन में नई ऊर्जा का संचार करती है। यह समय अपने मन को धर्म में लगाने का ही होता है। आपने कहा कि इस समय हमें जमीकंद एवं रात्रि भोजन का त्याग तो करना ही चाहिये।



**धर्म-आस्था** | **आज मनेगा गुरूपूर्णिमा महोत्सव, संतों के प्रवचन व भण्डारा होगा**

## श्री चैतन्य आश्रम में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा समापन

नवभारत न्यूज

**मन्दसौर। श्री रमनरेती वृंदावन के पूज्य संत स्वामी कासनी ऋषि चैतन्य शास्त्री महाराज की मुखारविंद से शिव पुराण महाकथा का व्यासपीठ से वाचन किया गया।** श्री महापुराण कथा लोकन्यास चैतन्य आश्रम मैनपुरीया के परम संरक्षण पूज्य स्वामी दिनेशानंद महाराज, आश्रम के महंत युवाचार्य स्वामी मणिमहेशचेतन्य महाराज एवं पूज्य संत शिवचैतन्य महाराज, मोहनानंद महाराज कृष्णानंद महाराज, उज्जैनमुनि महाराज, रामस्वरूप गिरी महाराज, के सानिध्य में संपन्न हुआ।



इस अवसर पर प्रथम पोथी पूजन मुख्य यजमान एडवोकेट राम प्रताप कुमावत दंपति द्वारा किया गया। संतों का सम्मान लोकन्यास अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, सचिव रूपनारायण जोशी, ट्रस्टी बंसीलाल टॉक, भेरूलाल सुथार, प्रद्युम्न शर्मा, उदयलाल पडीयार, रमेशचंद्र शर्मा ने किया। प्रतिभावान छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

कथा प्रवक्ता स्वामी ने कहा कि केवल शिव महापुराण ही नहीं सनातन धर्म के अष्टादस 18 महापुराण है उन सबका कथा वाचन होना चाहिए जिससे हमारे धर्म ग्रंथो की भावी पीढ़ी को जानकारी संज्ञान हो सके।

कथा समापन के समय सैकड़ो भक्तों ने कथा श्रवण का लाभ लिया प्रारंभ में बांग्ला चरण श्री पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला के बटुकों द्वारा किया गया। प्रतिदिन कथा के पश्चात आयोजित भव्य पार्थिव शिव पूजन अभिषेक का भी आज समापन हुआ।

## जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की जिला स्तरीय तिमाही बैठक आयोजित

**मंदसौर। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी संजय दीक्षित द्वारा बताया गया की कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की तिमाही बैठक जुलाई 2025 के अंतिम सप्ताह या अगस्त 2025 के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगी।** सभी पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, विधवाओं और आश्रितों से सैनिक सम्मेलन के लिए एजेंडा, पॉइंट, सुझाव, समस्याएँ ( जो कलेक्टर के स्तर पर समाधान होने लायक हो ) को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय मंदसौर में 20 जुलाई 2025 तक लिखित में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर, पोस्ट द्वारा या ई-मेल करके पहुंचा सकते है ताकि निराकरण हेतु उन्हे जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की तिमाही बैठक की कार्यवाही में सम्मीलित किया जा सके।

# नीमच

## एक नजर में

### नितेश गुर्जर चौथखेड़ा नगर मंत्री नियुक्त



**नीमच।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना दिवस के उपलक्ष में पीजी कॉलेज में संगोष्ठी व वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया एवं एबीवीपी नीमच नगर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई नितेश जी गुर्जर चौथ खेड़ा को नीमच नगर मंत्री बनाया गया एवं अन्य गतिविधि आयाम की भी घोषणा की गई सभी नवीन कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांत सहमंत्री विजेंद्र जी राणा एवं इस कार्यकारिणी के निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर महेंद्र राव जिला प्रमुख नीमच उपस्थित रहे।

### शारीरिक शोषण का आरोपी गिरफ्तार



**जावद।** महिला के शारीरिक शोषण में विगत डेढ़ माह से फरार चल रहे जावद निवासी संजय पिता कैलाशचंद्र सोनी शाहपुरा वाला को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभा रीछारिया दिक्षीत की न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को न्यायालय ने 22 जूलाई तक न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। ज्ञातव्य रहे कि आरोपी संजय के खिलाफ जावद थाने पर महिला द्वारा शादी का झांसा देकर उसके साथ लम्बे समय तक शारीरिक शोषण की शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर से पुलिस द्वारा 18 मई 2025 को मुकदमा दर्ज किया गया था, तभी से आरोपी फरार चल रहा था।

### सेवानिवृत बैंककर्मी सरदारमल पगारिया की देह पंचतत्व में विलीन

**नीमच।** सुजान मल ,स्वर्गीय डाडम चंद जी, अभय,अजीत के बड़े भाई साहब , अशोक, रमेश, विनोद के पूज्य पिताजी, विनय, मनीष , कमलेश, निलेश ,पंकज के बड़े पापा, प्रियंक, अक्षय, विपुल, अभिषेक, पराग,आशीष,के दादाजी,आदीश, आदित्य के बड़े दादाजी जियांश के पड़ दादाजी जिला सहकारी बैंक से सेवानिवृत कैशियर प्रॉपर्टी ब्रोकर्स श्री सरदारमल जी पगारिया का निधन 83वर्ष की आयु में लगभग मंगलवार रात 9 बजे हो गया। शवयात्रा 9 जुलाई 2025 को सुबह 11 बजे निवास स्थान नीमच सिटी जैन मंदिर के पास चौधरी मोहल्ला से नीमच सीटी रोड़ मुक्तिधाम छावनी पर ले जाई गई। मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार वैदिक मंत्र उपचार के साथ किया गया। मुखाग्नि उनकी तीनो पुत्र एवं पुत्री इंदिरा अनिल गोखरू ने दी। विधान पर आयोजित शोक सभा में समाजसेवी उमराव सिंह राठौड़ , कॉलोनाइजर भारत जारोली, राजेश मानव, गुणवंत लाल सेठिया, एडवोकेट संदीप लोढ़ा व जितेंद्र सकलेचा ने दी। स्वर्गीय सरदार मल पगारिया ने सभी धार्मिक तीर्थ की तीर्थ दर्शन यात्रा की थी वे धार्मिक स्वभाव के थे और वह सभी को सहयोग करते थे।



## कलेक्टर ने महर्षि सांदीपनि विद्यालय डीकेन में बच्चों की ली क्लास

▸ **रामनगर, सुठोली में 8वीं के बच्चों से हल करवाए गणित के सवाल- शैक्षणिक स्तर को परखा**

नवभारत न्यूज

**नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को जावद क्षेत्र के भ्रमण दौरान महर्षि सांदिपनी विद्यालय डीकेन, माध्यमिक विद्यालय रामनगर, सुठोली, प्रा.वि.खातीखेड़ा एवं माध्यमिक विद्यालय भगवानपुरा का आकस्मिक निरीक्षण कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को परखा। उन्होंने विद्यालयों में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति की जानकारी ली और ग्रामीणों से नियमित रूप से स्कूल संचालित होने के बारे में भी पूछा।**

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने महर्षि सांदिपनी विद्यालय डीकेन के निरीक्षण दौरान कक्षा 12वीं कला संकाय की कक्षा में पहुँचकर, अध्यापन कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण दौरान विद्यार्थियों को राजनीति, विज्ञान विषय में शीत युद्ध का पाठ पढाया जा रहा था, कलेक्टर श्री चंद्रा ने स्वयं स्मार्ट डिजीटल बोर्ड पर शीत युद्ध, पूंजीवाद, साम्यवाद, संविधान की प्रस्तावना एवं लोकतंत्र की परिभाषा आदि के बारे में विद्यार्थियों से सवाल पूछकर उनके शैक्षणिक स्तर को परखा। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के तरीके बताते हुए कहा, कि कोई भी टॉपिक पढ़े, तो उसके सभी पहलुओं, कब, कौन, क्या हुआ,(इतिहास) क्या कारण रहे, आदि सभी पहलुओं का अच्छे से अध्ययन करें। विषय को पूरी गहराई तक समझे। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना, उद्देशिका के बारे में भी विस्तार से बताया। निरीक्षण दौरान कक्षा 12वीं में 35 विद्यार्थी अध्ययनरत पाए गए।



> पशुओं नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान के लिए भी पशुपालन विभाग की टीम गांव में शिविर लगाएगी। ग्रामीणो ने कलेक्टर से गांव के माध्यमिक विद्यालय को हाई स्कूल में उन्नयन करवाने का अनुरोध किया। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्ताव तैयार कर शासन को भिजवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने ग्राम रामनगर में ग्राम पंचायत द्वारा 4.54 लाख लागत से विकसित किए जा रहे अंकुर उपवन का भी निरीक्षण किया। उन्होने पौधों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम सुश्री प्रीती संघवी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एस.मांगरिया, डीपीसी श्री दिलीप व्यास सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने रामनगर में 8वीं के विद्यार्थियों से हल करवाए गणित के सवाल

कलेक्टर श्री चंद्रा ने ग्राम रामनगर सुठोली के माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण दौरान कक्षा 8वीं में पहुँच कर, छात्र-छात्राओं गणित के सवाल स्मार्ट डिजीटल बोर्ड पर लिखकर उनसे हल करवाए। कलेक्टर ने आठवीं की छात्रा कंचन, राधा एवं वंदना से सम, विशम संख्या, गुणा, भाग एवं तेरह का पहाड़ा पूछकर, उनके शैक्षणिक स्तर को भी परखा। उन्होने शिक्षकगणों को कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने प्राथमिक विद्यालय खातीखेड़ा एवं भगवानपुरा में भी कक्षा में जाकर विद्यार्थियों के अध्यापन कार्य, विद्यार्थियों व शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लिया।



## कलेक्टर ने किया मोरवन, रामनगर, खातीखेड़ा, भगवानपुरा में आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

▸ **बच्चों की उपस्थिति एवं भोजन की गुणवत्ता का लिया जायजा**

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को जावद क्षेत्र के ग्रामों के भ्रमण दौरान गांव मोरवन में आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 5, सुठोली रामनगर में आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-2 एवं 3 तथा खातीखेड़ा एवं भगवानपुरा में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर बच्चों की उपस्थिति एवं उन्हें पोषण आहार, नाश्ता, भोजन वितरण का जायजा लिया। कलेक्टर ने इन आंगनवाड़ी केंद्रो में स्व सहायता समूह के माध्यम से प्रदान किए जा रहे नाश्ते व गर्म पके भोजन के बारे में जानकारी ली और भोजन की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया।

कलेक्टर ने खातीखेड़ा आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं पाये जाने और बच्चों के लिए प्री प्राथमिक शैक्षणिक गतिविधियॉं संतोषजनक नहीं होने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को दिए।



## कामयाब रही राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**नीमच।** दिनांक 9 जुलाई 2025 को सीटू कार्यालय से जारी एक प्रेस नोट में बताया गया है कि देश की 10 बड़ी केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आव्हान पर आज पूरे देश में हुई करोड़ों श्रमिकों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में नीमच में भी संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेतृत्व में कामयाब रूप से हुई। आज की हड़ताल में नीमच जिले की आंगनबाड़ी कर्मी, आशा कर्मी, नल चालक भृत्य ,मध्यान भोजन कर्मी ,आउटसोर्स, संविदा, ठेका, दैनिक वेतनभोगी, मेडिकल और सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, औद्योगिक क्षेत्र, विनियमित, नगर पालिका ,बैंक, बीमा, बीएसएनल, विद्युत विभाग छात्र ,नौजवान, महिला समिति, पेंशनर्स, किसान, खेत मजदूर ,लेखक एवं नाट्य संगठन , मजदूर ,किसान कर्मचारी छात्र, नौजवान हजारों हजार संख्या में शामिल हुए। नीमच के करीब 28 संगठनों पहले स्थानीय गांधी वाटिका में एकत्रित हुए वहां पर सभा का आयोजन किया गया जिस सभा को गोपाल बोरीवल, बंसीलाल खारोल, प्रमोद बिवरै, जय श्री यादव ,रेखा आर्य, वीणा

**स्थापना दिवस** | **भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस पर विशेष**

## सेवा, संस्कार, सहायता और शिक्षा का संगम : अग्रवाल

**नीमच। भारत विकास परिषद समाज के प्रबुद्ध, संपन्न एवं प्रभावी व्यक्तियों का एक गैर—राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय संगठन है। यह संगठन छह दशक से समाज के वंचित वर्ग की सेवा कर नई पीढ़ी में देशभक्ति के संस्कारों को प्रवाहित कर रहा है।** परिषद का उद्देश्य है समाज के उच्च, प्रबुद्ध एवं संपन्न वर्ग को सुसंगठित कर उनके हृदय में समाज के वंचित, असमर्थ एवं अशिक्षित वर्ग के प्रति संवेदनशीलता का भाग जगाना।




1962 में भारत—चीन युद्ध के बाद सेना का मनोबल बढ़ाने और सहायता करने के उद्देश्य से दिल्ली में प्रारंभ हुई सिटीजन काउंसिल नामक संस्था को बाद में राष्ट्रीय आवश्यकताओं को देखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन पूजनीय सरसंघचालक श्री बालासाहब देवरस जी की प्रेरणा से स्वामी विवेकानंद जन्मशताब्दी वर्ष में 12 जनवरी, 1963 को भारत विकास परिषद का नाम दिया गया। चूंकि इसका पंजीकरण 10 जुलाई, 1963 को हुआ था, इसलिए 10 जुलाई को स्थापना दिवस मनाया जाता है।

प्रसिद्ध विचारक एवं सर्वोच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी पी सिंहा को प्रथम संरक्षक, दिल्ली के पूर्व महापौर लाला हंसराज गुप्ता को प्रथम अध्यक्ष, सेवाभावी डॉक्टर सूरज प्रकाश को प्रथम महामंत्री बनाया गया। परिषद ने भारत माता को अपना आराध्य एवं स्वामी विवेकानंद को पथ—प्रदर्शन के रूप में स्वीकार किया।

भारतीय संस्कृति एवं भारतीय जीवन मूल्य परिषद के मूल मंत्र